Ref: KVSPL/2019/JUL-SEPT/eNL-01
Publication Date: 30 September 2019

सत्यं शिवं सुन्दरम् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केंद्रीय विद्यालय सरायपाली
# KENDRIYA VIDYALAYA SARAIPALI

## ई-समाचार पत्रक (सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 पर विशेष अंक)
## e-NEWSLETTER (special issue on VIGILANCE AWARENESS WEEK 2019)



श्री राहुल देव
प्राचार्य, के. वि. सरायपाली

### प्राचार्य सन्देश / PRINCIPAL'S MESSAGE

हमारे निजी और व्यवहारिक जीवन में सत्यनिष्ठा, अन्तःकरण शुद्धता हमें संतुष्टि एवं ख़ुशी देती है | देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें अपने जीवन में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के उच्च मानदंड स्थापित करने होंगे और सही दिशा में परिवर्तन के प्रेरक बनने के उदहारण प्रस्तुत करने होंगे | यह परिवर्तन हममे से प्रत्येक से आरम्भ होता है| महात्मा गाँधी ने भी कहा है कि **"जो परिवर्तन आप विश्व में लाना चाहते है, वह स्वयं में लाये |"**

आइये हम सब समाज से भ्रष्टाचार मिटाने के लिए मिलकर काम करें |

जय हिन्द |

### सूची / Index


| | |
|---|---|
| मुख्य पृष्ठ | - पृष्ठ 1 |
| केंद्रीय सतर्कता आयोग के बारे में | - पृष्ठ 2 |
| सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा | - पृष्ठ 3 |
| मानव श्रंखला | - पृष्ठ 4 |
| सतर्कता जागरूकता कार्यशाला | - पृष्ठ 5 |
| के. वि. सरायपाली खबरों में | - पृष्ठ 6 |


### मुख्य बिंदु / HIGHLIGHTS

- के. वि. सरायपाली में 28 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2019 तक मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह |




### सम्पादकीय टीम / EDITORIAL TEAM

- **मुख्य संरक्षक**
  सुश्री चंदना मंडल, उपायुक्त
  श्री डी. वेंकटेश्वर्लू, सहायक आयुक्त
  श्रीमती एस. नालायानी, सहायक आयुक्त
  श्री राहुल देव (प्राचार्य ग्रेड ||, के. वि. सरायपाली)

- **संपादक**
  श्री सदशिब बिशी (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)
- **मीडिया समन्वयक**
  श्रीमती प्रियंका मिश्रा (प्राथमिक शिक्षक - संगीत)
  श्री राहुल कटारे (पुस्तकालाध्यक्ष)
- **पृष्ठ आवरण**
  श्री राहुल कटारे (पुस्तकालाध्यक्ष)

### हमसे संपर्क करे / CONTACT US

**Website:** https://saraipalli.kvs.ac.in
**email-id:** saraipalikv@gmail.com

केंद्रीय सतर्कता आयोग को भारत सरकार के द्वारा फरवरी 1964 में भ्रष्टाचार निवारण समिति की अनुशंसा पर गठित किया गया था | इस आयोग को इस उद्देश्य के साथ गठित किया गया था कि यह केंद्र सरकार को सतर्कता के क्षेत्र में सलाह और मार्गदर्शन दे सके |

सेंट्रल विजिलेंस कमीशन (सीवीसी) विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने 2003 में पारित किया था और राष्ट्रपति जी ने 11 सितंबर, 2003 को इसको अपनी सहमति दी थी और यह इसी दिनांक से देश-भर में लागू कर दिया गया।

इस वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह देश भर में 28 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2019 तक मनाया जायेगा | हर साल की तरह इस बार भी इस सप्ताह का मुख्य विषय **"सत्यनिष्ठा - जीवन का तरीका"** है जिसके ऊपर देश भर की विभिन्न संस्थाएं कई प्रकार के क्रिया-कलाप आयोजित करवाती है जैसे कि मानव श्रंखला, कार्यशालाओं का आयोजन, पोस्टर, बैनर इत्यादि का वितरण | इसी तर्ज पर केंद्रीय विद्यालय सरायपाली में भी कुछ गतिविधिओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर प्रतिभाग किया |

## महामहिम राष्ट्रपति जी का सन्देश



सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA

MESSAGE

I am happy to know that the Central Vigilance Commission is organising Vigilance Awareness Week from 28th October to 2nd November, 2019 on the theme "Integrity-a way of Life"

The Commission is conducting public campaigns on the above theme across cities, towns and villages and making efforts to reach out to the youth by organizing related activities in schools and colleges across the country.

Ethical conduct and integrity are essential elements of good governance in our institutions and pre-requisites for inclusive development. This campaign to promote such qualities must cover all aspects of our national life.

I extend my greetings and felicitations to all those associated with the Central Vigilance Commission and wish the Vigilance Awareness Week every success.

(Ram Nath Kovind)

New Delhi
October 25, 2019

## माननीय प्रधानमंत्री जी का सन्देश

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

MESSAGE

I am happy to learn that Central Vigilance Commission is organizing Vigilance Awareness Week. The selection of "Integrity – a way of life" as the theme of the Vigilance Awareness Week is apt.

Integrity is a virtue that must be instilled and regularly reinforced in every individual starting from a very young age. Teachers and parents need to work collectively to ensure that qualities such as integrity, dedication and hard work are ingrained naturally in the evolution of a young student into an able citizen.

The emphasis must be on putting in place effective preventive measures and spreading awareness to eradicate corruption. Individuals and organizations need to adopt a behaviour of 'Zero Tolerance' to any kind of corrupt activity.

We must make a collective endeavour to ensure that the Vigilance Awareness Week celebrations succeed in inspiring every individual to adopt 'Integrity' as a way of life each moment of the day and in every action that is performed.

I hope that the celebrations make a lasting impact and motivate the people. Best wishes for successful celebrations of Vigilance Awareness Week 2019.

(Narendra Modi)

New Delhi
कार्तिक 09, शक संवत् 1941
31st October, 2019

**Shri Sharad Kumar**
Central Vigilance Commissioner
Central Vigilance Commission
Satarkta Bhawan, GPO Complex
Block A, INA
New Delhi – 110023

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019
## *VIGILANCE AWARENESS WEEK 2019*

केंद्रीय विद्यालय सरायपाली में दिनांक 28 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2019 तक सतर्कता जागरूकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य महोदय श्री राहुल देव, सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने पूर्ण निष्ठा के साथ भाग लिया | इस सप्ताह में कई गतिविधियाँ विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के द्वारा की गयी | इन गतिविधिओ की कुछ झलक:

### सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा / *Integrity Pledge*




*सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए के. वि. सरायपाली के शिक्षक व छात्र*

### स्लोगन प्रतियोगिता / *Slogan Writing Competition*

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियो द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया और सतर्कता को लेकर कई महत्वपूर्ण सन्देश देने वाले नारे बनाये | इस प्रतियोगिता की कुछ झलकियाँ:







*कक्षा सातवीं के छात्रों द्वारा सतर्कता जागरूकता के विषय में बनाये गए स्लोगन*












*कक्षा सातवीं के छात्रों द्वारा सतर्कता जागरूकता के विषय में बनाये गए स्लोगन*

## मानव श्रंखला / *Human Chain*

विद्यालय परिसर में शिक्षको व विद्यार्थिओं द्वारा मानव श्रंखला का निर्माण किया गया जिससे भ्रष्टाचार के खिलाफ एक रहने का नारा दिया गया | मानव श्रंखला की कुछ झलकियाँ:




*के. वि. सरायपाली के छात्र मानव श्रंखला बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होने का सन्देश देते हुए*

## सतर्कता जागरूकता कार्यशाला / *Vigilance Awareness Workshop*

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की शिक्षिका डॉ. प्रियंका मिश्रा ने इस कार्यशाला की शुरुआत करते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के इस वर्ष के मुख्य थीम " ईमानदारी एक जीवन शैली" के ऊपर सभी शिक्षकों को जानकारी दी |







*विद्यालय की शिक्षिका डॉ. प्रियंका मिश्रा सतर्कता जागरूकता कार्यशाला को संचालित करते हुए*

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आखिरी दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय श्री राहुल देव ने सभी शिक्षकगणों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से जीवन में आगे बढ़ने का आवाहन किया |



*सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतिम दिवस पर प्राचार्य महोदय श्री राहुल देव विद्यालय को संबोधित करते हुए*



# केंद्रीय विद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

## प्राचार्य ने किया ईमानदारी से कार्य का आह्वान






**सरायपाली (चैनल इंडिया)।** केंद्रीय विद्यालय सरायपाली में दिनांक 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य राहुल देव, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने पूर्ण निष्ठा से प्रतिभाग किया । इस सप्ताह में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा :** इस गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं और 11 शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा सत्यनिष्ठकी प्रतिज्ञा ली गयी।

**सतर्कता कार्यशाला :** इस विद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 9 शिक्षक-शिक्षिकाओं और 15 अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही।

**स्लोगन प्रतियोगिता :** विद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कक्षा 7 के छात्र- छात्राओं के मध्य सतर्कता को लेकर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे 37 छात्रों ने नारा-लेखन द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर जागरुक रहने का सन्देश दिया।

**मानव श्रंखला व फिल्म प्रदर्शन :** विद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कक्षा 2, 4 एवं 5 के 117 छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों सहित मानव श्रंखला बनाकर ईमानदारी एक जीवन शैली, भ्रष्टाचार को दूर करो, बेहतर देश का निर्माण करो- जैसे नारों के द्वारा जन-नागरिकों के मध्य भ्रष्टाचार को लेकर जागरूकता का आवाह्न किया। इसके साथ ही प्राथमिक कक्षा के छात्रों को सतर्कता जागरूकता के बारे में फिल्म प्रदर्शित की गयी।

**चित्रकला प्रतियोगिता :** कक्षा 5वीं के 20 विद्यार्थिओं द्वारा सतर्कता जागरूकता के ऊपर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अँतिम दिवस पर प्राचार्य राहुल देव ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को सत्यनिष्ठ, ईमानदारी और कर्मठता से कार्य करने का आवाह्न किया।

# छात्र-छात्राओं ने बनाई मानव शृंखला

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



*आयोजन : मानव श्रृंखला बनाते हुए केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं।*

**सरायपाली.** केंद्रीय विद्यालय सरायपाली में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राहुल देव, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस सप्ताह में सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञा के अंतर्गत विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं और 11 शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञा ली गई। सतर्कता कार्यशाला के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 9 शिक्षक-शिक्षिकाओं और 15 अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही। स्लोगन प्रतियोगिता में कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं के मध्य सतर्कता को लेकर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 37 छात्रों ने नारा लेखन द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत कक्षा 2, 4 एवं 5 के 117 छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों सहित मानव श्रृंखला बनाकर ईमानदारी एक जीवन शैली, भ्रष्टाचार को दूर करो, बेहतर देश का निर्माण करो, जैसे नारों द्वारा नागरिकों के मध्य भ्रष्टाचार को लेकर जागरुकता का आह्वान किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक कक्षा के छात्रों को सतर्कता जागरुकता के बारे में फिल्म प्रदर्शित की गई। कक्षा 5वीं के 20 विद्यार्थियों ने सतर्कता जागरुकता के ऊपर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।